चेम्बर की सत्ता पर किसका कब्जा आज तय होगी व्यापारियों की पसंद

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 16 जुलाई. मध्यप्रदेश चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के बहुप्रतीक्षित चुनाव में शुक्रवार को अध्यक्ष पद के लिए मतदान होगा। इस बार मुकाबला बेहद रोचक और प्रतिष्ठा का बन गया

निर्दलीय डॉ. प्रवीण अग्रवाल और व्हाइट हाउस के पारस जैन के बीच सीधा मुकाबला

है। अध्यक्ष पद पर वर्तमान अध्यक्ष एवं निर्दलीय प्रत्याशी डॉ प्रवीण अग्रवाल का सीधा मुकाबला व्हाइट हाउस के प्रत्याशी पारस जैन से है। पिछले कई सप्ताह से चले सघन जनसंपर्क, बैठकों, व्यापारिक संवाद और चुनावी वादों के बाद अब फैसला व्यापारियों के हाथ में है कि चैंबर की कमान अगले कार्यकाल के लिए किसे सौंपी जाए।

चुनाव को लेकर पूरे व्यापारिक जगत में खासा उत्साह

देखा जा रहा है। शहर के प्रमुख बाजारों, औद्योगिक क्षेत्रों और व्यापारिक संगठनों में पूरे दिन चुनावी चर्चाएं होती रहीं। दोनों प्रत्याशियों ने अंतिम समय तक व्यापारियों से संपर्क कर अपने पक्ष में समर्थन जुटाने का प्रयास किया। एक ओर डॉ. प्रवीण अग्रवाल अपने पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों और व्यापारी हितों में किए गए कार्यों को आधार बनाकर मतदाताओं से समर्थन मांग रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पारस जैन बदलाव, नई कार्यशैली और मजबूत नेतृत्व के वादे के साथ मैदान में हैं।

इस बार का चुनाव इसलिए भी विशेष माना जा रहा है क्योंकि दोनों प्रत्याशियों के समर्थन में अलग-अलग व्यापारिक वर्ग

खुलकर सामने आए हैं। चुनाव प्रचार के दौरान व्यापारिक समस्याओं, चैंबर की भूमिका, नए भवन, संगठन की मजबूती और उद्योग-व्यापार से जुड़े मुद्दे प्रमुख रहे। दोनों पक्षों ने अपने-अपने विज़न को व्यापारियों के बीच प्रभावी ढंग से रखने का प्रयास किया।

करीब साढ़े तीन हजार से अधिक मतदाताओं वाले इस चुनाव को चैंबर के इतिहास के सबसे चर्चित चुनावों में गिना जा रहा है। मतदान के बाद सभी की निगाहें मतगणना और परिणाम पर रहेंगी। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या व्यापारी अनुभव और निरंतरता पर भरोसा जताएंगे या फिर परिवर्तन के पक्ष में मतदान करेंगे।

हल्की बारिश ने किया बैचेन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 16 जुलाई. शहर और आसपास के अंचल में मानसूनी बारिश की बेरुखी से लोग उमस भरी गर्मी से परेशान हैं। आसमान में बादल तो छा रहे हैं, लेकिन बरसने के बजाय वे केवल उमस में बढ़ोतरी कर रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, 17 जुलाई तक अच्छी बारिश की उम्मीद कम है, लेकिन 18 जुलाई से मौसम में बदलाव आ सकता है.

पिछले एक सप्ताह से बारिश न होने के कारण ग्वालियर में तापमान 36 से 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच गया है, जबकि रात का तापमान भी सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा है। गुरुवार सुबह आसमान में घने बादल छाए थे और सुबह 9:30 बजे के करीब बारिश की हल्की उम्मीद भी जगी थी, लेकिन कुछ देर की छिटपुट बूंदाबांदी के बाद बादल छंट गए और तेज धूप निकल आई, जिससे

उमस और अधिक बढ़ गई।

18 जुलाई से बदलेगा मौसम

मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में एक नई मौसम प्रणाली सक्रिय हो गई है। इसके प्रभाव से 18 जुलाई से ग्वालियर सहित पूरे अंचल में हल्की से मध्यम बारिश का दौर शुरू होने की प्रबल संभावना है। यह सिलसिला 18 से 20 जुलाई तक जारी रहने का अनुमान है।

क्यों नहीं हो रही बारिश

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि वर्तमान में ग्वालियर या आसपास के क्षेत्र में कोई भी मजबूत मौसम प्रणाली सक्रिय नहीं है, इसलिए अगले 24 घंटों के दौरान अच्छी बारिश की संभावना काफी कम है। हालांकि, मौसम विभाग ने छिटपुट बारिश से पूरी तरह इनकार नहीं किया है।

मुरार में सड़कों से हटाया अस्थाई अतिक्रमण

राशि भदौरिया

ग्वालियर 16 जुलाई. गुरुवार को ग्वालियर के मुरार क्षेत्र में सड़को पर लगने वाले हाथ ठेलो और फड़ो को ग्वालियर नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा हटाया गया। मदाखलत अमले द्वारा यह कदम क्षेत्रवासियो को लगातार हो रही परेशानी और यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से उठाया गया। मुरार बाजार की हालत यह हैं कि सदर बाजार में ठेले वाले सड़क घेरे रहते हैं और दुकानदारों के काउंटर भी बाहर रखे रहते हैं जिस वजह से बाजार की सड़को पर आए दिन जाम लगा रहता है। बाजार में लोगों का पैदल आना-जाना तक मुश्किल हो जाता है। सड़को पर भी गन्दगी फैली रहती

है। मुरार में लगने वाले इन ठेलो और फड़ो के लिए करोड़ो रुपये की लागत से मुरार के घासमंडी क्षेत्र में हॉकर्स जोन बनाया गया है लेकिन ठेले और फड़ संचालक हॉकर्स जोन में ठेले लगाने को ही तैयार नहीं है। उनका कहना है की हॉकर्स जोन में ग्राहक कम आते है जिससे उनकी कमाई नहीं होती।

अतिक्रमण करने पर की जाएगी कार्यवाही

मदाखलत अमले ने बारादरी चौराहा से मुरार सदर बाजार और अग्रसेन चौराहा पर यातायात अवरुद्ध कर रहें हाथ ठेले, फड़ो, दुकानों के बाहर रखे स्टैंड बोर्ड, काउंटर, डमी को हटवाया और दुकानदारों को सख्त हिदयात दी कि दुकानों के बाहर किसी प्रकार का अतिक्रमण ना करें जिससे यातायात अवरुद्ध ना हो अन्यथा सामान जप्ती की कार्यवाही की जाएगी।

नवभारत में प्रकाशित खबर का असर

कुछ समय पहले नवभारत के माध्यम से मुरार की जनता को ठेलो और फड़ो से होने वाली समस्या का मुद्दा उठाया गया था जिसके बाद नगर निगम हरकत में आई और मुरार क्षेत्र में ठेलो और फडो से आम जनता को हो रही परेशानी को मद्देनज़र रखते हुए यह कार्यवाही की गई। सुगम यातायात और सार्वजनिक स्थानों पर नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए यदि ग्वालियर नगर निगम ऐसी कार्रवाई नियमित रूप से करे तो यकीनन मुरार समेत शहर के अन्य क्षेत्रों में भी यातायात व्यवस्था और अनुशासन दोनों मजबूत होंगे।

लक्ष्य से कम जलकर वसूली पर निगमायुक्त सख्त

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 16 जुलाई. नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने जलकर वसूली में लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाते हुए निर्देश दिए हैं कि तिमाही लक्ष्य की 75 प्रतिशत से कम वसूली करने वाले सभी उपयंत्रियों के वेतन आहरण

कई उपयंत्रियों के वेतन पर रोक

पर तत्काल रोक लगाई जाए। वहीं जिन सहायक यंत्रियों के अधीन तीन या उससे अधिक वार्डों में 75 प्रतिशत से कम वसूली हुई है, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा।

बाल भवन स्थित एक्यूआई सेंटर में आयोजित समीक्षा बैठक में जलकर वसूली, जल प्रदाय एवं सीवरेज व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निगमायुक्त ने बताया कि 15 जुलाई तक मात्र 8 करोड़ 21 लाख रुपये की वसूली हुई है, जो लक्ष्य की तुलना में काफी कम है। उन्होंने अधिकारियों को पिछले वर्षों के बकाया की वसूली

पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

बैठक में कार्यपालन यंत्री श्री प्रवीण दीक्षित, श्री महेंद्र प्रसाद अग्रवाल, श्री शिशिर श्रीवास्तव सहित सभी सहायक यंत्री, उपयंत्री, बिल क्लर्क और बिल डिस्ट्रीब्यूटर उपस्थित रहे।

समीक्षा के दौरान उपयंत्रियों ने समय पर बिल प्रिंट न होने और बिल वितरण के लिए पर्याप्त समय नहीं मिलने की समस्या बताई। इस पर निगमायुक्त ने कार्यपालन यंत्रियों को विभागीय स्तर पर पर्याप्त प्रिंटर एवं कागज उपलब्ध कराने तथा जहां कर्मचारियों की कमी है वहां अतिरिक्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सीवरेज संबंधी शिकायतों के शीघ्र निराकरण पर भी जोर देते हुए कहा कि बार-बार सीवर समस्या वाले क्षेत्रों का स्थायी समाधान तैयार किया जाए। लापरवाही बरतने वाले उपयंत्रियों के विरुद्ध तत्काल निलंबन प्रस्ताव भेजने के निर्देश भी दिए गए। कार्य में लापरवाही पाए जाने पर उपयंत्री श्री शिवेंद्र सिंह जादौन को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

सड़क पर निर्माण सामग्री डालने वालों पर 31 हजार जुर्माना

ग्वालियर, 16 जुलाई। नगर निगम ने सड़क पर भवन निर्माण सामग्री डालकर यातायात बाधित करने वालों के खिलाफ अभियान चलाते हुए 31 हजार रुपये का जुर्माना वसूला। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देश पर विभिन्न वार्डों में कार्रवाई करते हुए विजय लक्ष्मी नगर, खल्लासीपुरा, मेंहदी वाली गली, जवाहर कॉलोनी और भगवती विहार कॉलोनी में निर्माण सामग्री सड़क पर रखने वाले मकान मालिकों पर 2 हजार से 20 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया गया।

जगन्नाथ रथयात्रा को लेकर उमड़ा जनसैलाब

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 16 जुलाई. कुलैथ में आयोजित होने वाला प्रसिद्ध जगन्नाथ मेला गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ शुरू हो गया। मेले में शामिल होने के लिए सुबह से ही दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुँचने लगे,

सुबह से ही जुटने लगे थे श्रद्धालु

जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बन गया है।

मेले के दौरान राहगीरों की सुविधा के लिए पुरानी छावनी चौराहे से लेकर कुलैथ मंदिर तक स्थानीय निवासियों द्वारा जगह-जगह प्याऊ और शीतल जल की व्यवस्था की गई है।

मंदिर के आसपास पूजा-पाठ और प्रसादी की दुकानें सज गई हैं, जहाँ बच्चों और बड़ों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मंदिर की ओर जाने वाले रास्तों पर सुबह से ही वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं।

रथ खींचने की होड़ और परंपरा- मंदिर के पुजारी के अनुसार, गुरुवार शाम भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। इस परंपरा में 3 क्विंटल लकड़ी से बने रथ को खींचने के लिए हजारों श्रद्धालुओं में होड़ मच गई। इस रथ पर भगवान जगन्नाथ, दाऊ बलभद्र और बहन सुभद्रा सवार हुए। यात्रा के दौरान पूरे रास्ते में श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया और प्रभु रात्रि विश्राम जनकपुरी में करेंगे, जहाँ रात भर भजन-कीर्तन का आयोजन होगा।

आषाढ़ माह की विशेष मान्यताएं

उल्लेखनीय है कि आषाढ़ मास की दशमी तिथि को भगवान जगन्नाथ की 'ज्वर लीला' के 6 दिन बाद यह उत्सव मनाया जाता है। इस अवसर पर चावल से भरे सात घड़ों को एक के ऊपर एक रखकर पकाने की विशेष परंपरा निभाई गई, जो स्वत: ही चार भागों में फट गए। इससे पूर्व भगवान का वस्त्र श्रृंगार और अभिषेक किया गया, तथा इन चावलों को प्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं में वितरित किया जाएगा। मेले का समापन क्रम 17 जुलाई को आगे बढ़ेगा। जनकपुरी मैदान में आज शाम 4 बजे भगवान जगन्नाथ की भव्य आरती होगी। इसके बाद प्रसाद वितरण होगा और रथयात्रा वापस मुख्य मंदिर के लिए प्रस्थान करेगी। रात करीब 8 बजे भगवान के समक्ष अंतिम बार चावल के घड़े अर्पित किए जाएंगे और फिर उन्हें पुन: गर्भग्रह में स्थापित किया जाएगा।

चलती कार में अचानक लगी आग

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 16 जुलाई. देर रात गोला का मंदिर इलाके में एक दर्दनाक हादसा होते-होते टल गया। यहाँ चलते-चलते एक कार में अचानक भीषण आग लग गई। गनीमत यह रही कि कार चालक ने समय रहते कूदकर अपनी जान बचा ली। जानकारी के अनुसार, घटना बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात सूर्य मंदिर रोड पर हुई। चालक ने जैसे ही कार से धुआं उठते देखा, उसने तुरंत वाहन रोककर बाहर छलांग लगा दी। चालक के बाहर निकलते ही आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया और कुछ ही देर बाद एक जोरदार धमाका हुआ। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और कुछ समय के लिए यातायात भी बाधित रहा।

घटना की सूचना मिलते ही गोला का मंदिर थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुँची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस के अनुसार, जली हुई कार का नंबर एमपी 07 टीएच 1239 है, जो ऋषभ राजपूत के नाम पर पंजीकृत है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी माना जा रहा है।

वीडियो हुआ वायरल

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। देर रात आग की लपटों को देख बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए थे, जिनमें से कुछ ने मोबाइल से इस हादसे का वीडियो बना लिया, जो अब चर्चा का विषय बना हुआ है।

आईटीएम में दो दिवसीय 'आमोत्सव-3' का आयोजन आज से

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 16 जुलाई. आम जिसका नाम लेते ही मुंह में उसके स्वाद का पानी आ जाये, लेकिन स्वाद तक और गहरा व मीठा हो जाता है जब उसकी विभिन्न किस्मों को देखने खाने और चखने का मौका मिल जाये। इस अनूठे स्वाद को ज्ञान की मिठास से भरने के लिए आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर की प्रस्तुति 'आमोत्सव-3' (आम पर केंद्रित बहुरंगी-बहुरस उत्सव) का दो दिवसीय आयोजन 17 और 18 जुलाई को होने जा रहा है। संस्थान के सिथौली परिसर स्थित विक्रम साराभाई ब्लॉक के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, भारत सरकार के सहयोग से आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के स्कूल ऑफएग्रीकल्चर द्वारा आयोजित आमोत्सव-3 का शुभारंभ 17 जुलाई को सुबह 10.30 बजे से होगा। जहां देशभर से आए अतिथियों और विद्वानों द्वारा आम पर केंद्रित विभिन्न सत्रों में ज्ञानवर्धन किया जाएगा। इस बार आमोत्सव-3 खास होने वाला है। क्योंकि यहां करीब 200 आमों की किस्मों की प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है

दो दिवसीय आमोत्सव-3 के प्रथम दिवस 17 जुलाई को 'मैंगोफेरा इंडिका' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जा रही है। जहां मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मनीष श्रीवास्तव (अधिष्ठाता, बागवानी एवं वानिकी महाविद्यालय, आरएलबीएसएयू झांसी) श्रींदेप शामिल होंगे। वहीं सम्मानित अतिथि के रूप में डॉ. संजय पाठक (पूर्व अधिष्ठाता, बागवानी महाविद्यालय, आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, अयोध्या) शामिल होंगे। इसी तरह विशिष्ट वक्तागण के रूप में डॉ. आर.ए. कौशिक (निदेशक, विस्तार शिक्षा निदेशालय, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर), डॉ. आशीष यादव (वरिष्ठ वैज्ञानिक, केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान लखनऊ), डॉ. रामकुमार देवांगन (प्रोफेसर महात्मा गांधी बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़) शामिल होने आ रहे हैं।

आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर की प्रस्तुति दो दिवसीय आमोत्सव-3 के द्वितीय दिवस 18 जुलाई को आम पर केंद्रित मेला का उद्घाटन सुबह 11 बजे सच्चिदानंद जोशी (सदस्य सचिव, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, नई दिल्ली) द्वारा किया जाएगा। वहीं अनुराग जड़िया, आकाश जाटव, आरिफ खान, आलोक शर्मा, देव्यांशु कदम, मोहम्मद रियाज, शर्मा मुनि लम्बरदार चित्रकारी करेंगे। सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक 200 किस्मों के भारतीय आमों की प्रदर्शनी, आमों की चित्र प्रदर्शनी विक्रम साराभाई ब्लॉक में की जाएगी।

निगमायुक्त स्टेनो सचिन सविता स्टेनोग्राफर ग्रेड-2 के पद पर हुए पदोन्नत

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 16 जुलाई. नगर पालिक निगम ने मध्य प्रदेश नगर पालिक अधिनियम एवं म.प्र. लोकसेवा पदोन्नति नियम 2025 के तहत वर्तमान में स्टेनोग्राफर ग्रेड-3 के पद पर पदस्थ सचिन सविता को स्टेनोग्राफर ग्रेड-2 के पद पर पदोन्नत किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार श्री सचिन रामकुमार सविता को वेतनमान 9300-34800 रु. (ग्रेड

पे 3600 रु.) के समकक्ष सातवें वेतनमान के लेवल-9 (36200-114800 रु.) में पदोन्नत कर वर्तमान पदस्थापना स्थल पर ही कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

ग्वालियर शिक्षा विभाग का 'कुर्सी युद्ध' खत्म

संजीव कुमार शर्मा

ग्वालियर 16 जुलाई. स्कूल शिक्षा विभाग में पिछले कुछ समय से चल रहा 'एक कुर्सी, दो दावेदार' का दिलचस्प और तनावपूर्ण विवाद आखिरकार सुलझ गया है। भोपाल में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद इस प्रशासनिक उलझन का पूरी तरह पटाक्षेप हो गया। अब ग्वालियर संभाग के संयुक्त संचालक का जिम्मा हरिओम चतुर्वेदी ही

हरिओम संभालेंगे कमान, अरविंद को भोपाल में मिली बड़ी जिम्मेदारी

संभालेंगे, जबकि दूसरे दावेदार अरविंद सिंह को पदोन्नत कर भोपाल भेज दिया गया है।

भोपाल में हुआ बड़ा फैसला, कानूनी लड़ाई का भी हुआ अंत- इस विवाद को बढ़ता देख लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के वरिष्ठ अधिकारियों ने कड़ा रुख अपनाया। दोनों ही अधिकारियों को भोपाल तलब किया गया, जहां एक बंद कमरे में दोनों ने वरिष्ठ अधिकारियों के सामने अपना-अपना पक्ष रखा। वरिष्ठ अधिकारियों ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद एक बेहद सूझबूझ भरा और सम्मानजनक रास्ता निकाला।

अरविंद सिंह को पदोन्नत करते हुए भोपाल में अपर संचालक के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त होने के निर्देश दिए गए। साथ ही, उनसे ग्वालियर वाले मामले में लगाया गया कोर्ट स्टे वापस लेने को कहा गया। सिंह ने 14 तारीख को अपना आवेदन माननीय न्यायालय से वापस ले लिया और 15 तारीख को भोपाल जाकर अपना पद ग्रहण कर लिया।

विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने हरिओम चतुर्वेदी को ग्वालियर संभाग के संयुक्त संचालक के पद पर बने रहने और निर्बाध रूप से अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिए। वरिष्ठ अधिकारियों की इस मध्यस्थता और व्यावहारिक फैसले के बाद, हरिओम चतुर्वेदी ने भी परिपक्वता दिखाते हुए माननीय न्यायालय लगाए अपने आवेदन को वापस ले लिया। इसके साथ ही इस लंबे समय से चले आ रहे विवाद पर हमेशा के लिए पूर्णविराम लग गया।

कैसे शुरू हुआ था 'एक कुर्सी, दो संचालक' का विवाद

ग्वालियर संभाग के संयुक्त संचालक पद को लेकर हरिओम चतुर्वेदी और अरविंद सिंह के बीच विवाद तब शुरू हुआ, जब शिक्षा विभाग के एक आदेश के अनुसार अरविंद सिंह को भोपाल स्थानांतरित कर, हरिओम चतुर्वेदी को संयुक्त संचालक का प्रभार सोपा गया। अरविंद सिंह ने इस आदेश पर स्टे ले लिया, इस तरह एक ही ऑफिस में एक ही पद पर दो व्यक्ति हो गए थे, बीते कुछ दिनों से दोनों के बीच संयुक्त संचालक के पद को लेकर खींचतान चल रही थी। मामला इतना उलझ गया कि हरिओम चतुर्वेदी ने भी माननीय न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। इस प्रशासनिक रस्साकशी के कारण ग्वालियर संभाग के शिक्षा विभाग में असमंजस की स्थिति बनी हुई थी, जिससे रोजमर्रा के शासकीय काम भी प्रभावित हो रहे थे।

कर्मचारियों और शिक्षा जगत ने ली राहत की सांस

इस विवाद के सुलझने से ग्वालियर संभागीय कार्यालय के कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। दफ्तर में लंबे समय से बना हुआ तनाव और असमंजस का माहौल अब पूरी तरह समाप्त हो गया है। शिक्षा जगत से जुड़े विशेषज्ञों और शिक्षकों का भी मानना है कि इस गतिरोध के खत्म होने से अब संभाग की शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को गति मिलेगी।

जवान के घर से 5 लाख का माल चोरी

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 16 जुलाई. सिरोल थाना क्षेत्र के हुरावली इलाके में चोरों ने एक बीएसएफ जवान के सूने घर को अपना निशाना बनाया है। चोरों ने घर के ताले तोड़कर करीब 5 लाख रुपये के जेवर और नकदी पार कर दी।

तेरहवीं में शामिल होने गए थे परिवार के साथ- पीड़ित नरेंद्र सिंह बीएसएफ में कार्यरत हैं। 2 जुलाई को उनके बड़े भाई प्रहलाद सिंह का निधन हो गया था, जिनकी तेरहवीं 14 जुलाई को थी। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नरेंद्र सिंह और उनका परिवार पहले ही गाँव चले गए थे। 13 जुलाई की शाम को

उनका बेटा पंकज घर का ताला लगाकर गांव रवाना हुआ था।

पड़ोसियों से मिली चोरी की जानकारी

15 जुलाई को पड़ोसियों ने नरेंद्र सिंह को फोन पर घर का ताला टूटा होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही वे ग्वालियर लौटे और देखा कि मेन गेट और घर के अंदर की कुंडी कटी हुई थी तथा सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि चोरों ने नकदी 1 लाख 80 हजार रुपये व डेढ़ तोला वजनी सोने की चेन, 1 अंगूठी और 1 सोने का फूल, 3 जोड़ी बिछिया और 1 जोड़ी पायल चोरी हुई है। सिरोल टीआई गोविंद बंगोली ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार करने का दावा किया है

IIFL FINANCE

CIN: L67100MH1995PLC093797
Regd. Office: IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

सोने के गहनों की नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना

एतद द्वारा सभी संबंधित उधारकर्ताओं को विशेषतया, और आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि हम, आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड (''आईआईएफएल'') उन डिफ़ॉल्ट ग्राहकों के सोने के गहनों की नीलामी कर रहे हैं, जिन्होंने पंजीकृत नीलामी सूचनाओं और बार-बार याद दिलाए जाने के बाद भी न तो अपने ऋण का भुगतान नियमित किया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया । निम्नलिखित ऋण खातों में गिरवी रखे गये सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी **दिनांक 18.08.2026** को **सुबह 10 बजे** से निम्नलिखित ज़िला केंद्र **ग्वालियर-थाटीपुर जीएल - आईआईएफएल फाइनेंस, इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास, रेमंड शोरूम के ऊपर, थाटीपुर चौराहा, ग्वालियर 474011** पर संचालित की जायेगी। स्थान या दिनांक में किसी भी बदलाव (यदि कोई हो) नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित किया जायेगा। अगर किसी कारण से नीलामी यहाँ दी गयी तिथि पर संपन्न न की जा सके या एक ही दिन में पूरी न हो, तो आईआईएफएल को कथित नीलामी समान नियमों व शर्तों के साथ आगे की किसी तारीख़ पर संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। इस स्थिति में किसी ग्राहक की मृत्यु हो गई है, नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी सभी नीलामी शर्तों के अधीन होगा।

गोल्ड लोन खाता. सं.: GL38115492, GL42659700, GL46051755, GL43666487, GL38307702, GL39757227, GL39754140, GL44559087, GL48217296, GL39993309, GL40007006, GL47039556, GL40029542, GL40036817, GL40372231, GL47514100, GL42988936, GL44911311, GL46016723, GL34379090, GL34396387, GL34717142, GL35059892, GL35115777, GL34727391, GL34735282, GL34758418, GL37345802, GL35010318, GL34994952, GL35977603, GL36632665, GL36720070, GL36794495, GL42859052, GL37158003, GL37539368, GL37895516, GL38086057, GL41907228, GL38107565, GL38232189, GL38368892, GL47934259, GL38764068, GL44682333, GL46794030, GL38875737, GL39016407, GL39100455, GL40248791, GL40223962, GL40384851, GL40391330, GL46798700, GL34330886, GL42947345, GL38269540, GL39189738, GL38809883, GL35452949, GL35439050, GL39162483, GL40443622, GL35426049, GL35432859, GL40439241, GL40163703, GL35757499, GL35776652, GL38181321, GL38339952, GL38496149, GL39301686, GL31363538, GL36964551, GL40903260, GL38818009, GL38227576, GL39605594, GL39678037, GL39613265.

नीलामी ''जैसा है, जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर आयोजित की जाएगी और आईआईएफएल उक्त सोने के गहनों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेट, वजन या मूल्यांकन के मामले में ना तो कोई प्रतिनिधित्व करता है, और ना ही कोई वॉरंटी देता है। आईआईएफएल, अपने पूर्ण विवेक से, किसी भी खाते को नीलामी सूची से और किसी भी कार्यवाही को बिना किसी पूर्व सूचना के और बगैर कोई कारण बताए या तो स्थगित कर सकता है या हटा सकता है, और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों या प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकता है। डिफॉल्ट करने वाले उधारकर्ताओं गिरवी रखे गए गहनों का विवरण एवं अन्य विवरणों को संबंधित शाखा में प्रदर्शित किया गया है। इस नोटिस को प्रकाशित करने के बाद भी, डिफाल्टर उधारकर्ता के पास ब्याज और किसी भी लागू शुल्क सहित बकाया पूरी राशि चुकाने और अपने ऋण खाते को बंद करने या नियमित करने का विकल्प है। हालाँकि, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके पास नीलामी की तारीख तक का समय है, जिस समय गिरवी रखे गए सोने के गहने बेचे जाएंगे और किसी भी बकाया राशि (यदि कोई हो) को ब्याज और लागत के साथ वापस कर दिया जाएगा। हालाँकि, डिफॉल्टर ऋण, जो इस प्रकाशन के समय या उसके बाद बंद या नियमित किए जाएंगे, उन्हें आनुपातिक रूप में प्रकाशन शुल्क का वहन करना होगा। उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने नवीनतम बैंक खाते का विवरण दर्ज/अपडेट कराएं, ताकि उन्हें नीलामी से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय, यदि कोई हो, की वापसी की जा सके।

विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें।

दिनांक: 17.07.2026
स्थान: ग्वालियर

Sd/-
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95